राजधानी •
वर्ष 17 | अंक 125 | पृष्ठ : 12+8
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली ■ मंगलवार, 13 अगस्त 2019

amarujala.com | मैन वर्सेस वाइल्ड | पीएम मोदी बोले-प्रकृति से उतना ही लें जितना आपका हिस्सा...9 | दिल्ली-एनसीआर

छात्राओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के गौड़ इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने स्कूल परिसर में पौधे लगाए। छात्राओं ने पर्यावरण परिधान पहनकर रैंप वॉक किया। नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगों को पेड़ों की अहमियत को बताया। इस मौके पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत स्कूल में पढ़ रही आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की डायरेक्टर मंजू गौड़ भी मौजूद रहीं। ब्यूरो